हरिभूमि

# जांजगीर-चांपा भूमि

बिलासपुर, रविवार, 13 अप्रैल 2025

अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती


तापमान

अधिकतम 38.0 डिग्री

न्यूनतम 23. 0 डिग्री


3 कोरबा कटघोरा वनमंडल के हरे सोने की शत प्रतिशत हुई खरीदी, मई में शुरु होगा संग्रहण




## खबर संक्षेप

### डा.अंबेडकर जयंती पर शराब दुकानें बंद करने की मांग

**जांजगीर-चांपा।** बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती के अवसर पर बाबा साहेब डॉ. आंबेडकर जयंती आयोजन समिति द्वारा जिले में स्थित शराब दुकानों को एक दिन के लिए बंद रखने की मांग की है। इस संबंध में समिति के सदस्यों ने एक रैली निकालकर बाबा साहेब की प्रतिमा स्थल तक मार्च किया और फिर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। समिति का कहना है कि बाबा साहेब की जयंती एक पवित्र और गरिमामयी आयोजन है, जिसमें सामाजिक समरसता, शिक्षा, और संविधान के मूल्यों को जनमानस तक पहुंचाने का प्रयास किया जाता है। ऐसे आयोजनों में शराब जैसे नशे के कारण अक्सर हुड़दंग और अनुशासनहीनता की स्थिति उत्पन्न होती है, जिससे कार्यक्रम की गरिमा प्रभावित होती है।

### महुआ शराब के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

**जांजगीर-चांपा।** 18 लीटर कच्ची महुआ शराब के साथ एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मामला शिवरीनारायण थाना क्षेत्र का है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार पुलिस जांजगीर द्वारा अवैध शराब बिक्री पर अंकुश लगाने के लिए लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में जांजगीर एसडीओपी यदुमणी सिदार के कुशल मार्ग दर्शन में थाना शिवरीनारायण पुलिस द्वारा आरोपी दाउराम उर्फ कोंदा निवासी ग्राम देवरी थाना शिवरीनारायण के कब्जे से 18 लीटर अवैध कच्ची महुआ शराब कीमती 36 सौ को बरामद किया। आरोपी के विरुद्ध अपराध व धारा 34 (2) आबकारी एक्ट पंजीबद्ध कर विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।

### नाबालिग को डॉक्टर पिता पुत्र ने पीटा, मामला दर्ज

**अकलतरा।** नगर के वार्ड क्रमांक 6 निवासी स्वप्निल जैन के द्वारा थाना रोड में मकान का निर्माण कराया जा रहा है। निर्माणाधीन मकान के बगल में डॉक्टर एके गुईन का क्लीनिक है। निर्माणाधीन मकान के तीसरी मंजिल के दीवार में प्लास्टर कराए जाने के पूर्व डॉक्टर ए के गूईन ने निर्माण शुरू करने से पहले अनुमति लेने की बात कही थी। 10 अप्रैल को शाम 5:30 बजे स्वप्निल जैन का 17 वर्षीय पुत्र डॉक्टर से अनुमति लेने क्लीनिक पहुंचा।क्लीनिक के अंदर जाने पर डॉक्टर एके गुईन के पुत्र डॉक्टर आदित्य गुईन ने बहस शुरू कर - दी। क्लीनिक में क्यों आए हो, कहकर गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर डॉक्टर आदित्य, उनके पिता डॉक्टर एके गुईन और क्लीनिक के दो स्टाफ ने मिलकर नाबालिग की बुरी तरह पिटाई कर दी। मारपीट के दौरान नाबालिग की जेब से 1800 रुपए नकद और सोने की अंगूठी छीन ली गई। हमले में उसके सिर और कान में गंभीर चोटें आईं। वह बेहोश होकर क्लीनिक में ही गिर गया। परिजनों ने थाने में शिकायत की।

## नवागढ़ क्षेत्र में जा रहा महज 2 सौ क्यूसेक पानी

# पतली हुई नहर की धार, सूखने के कगार पर पहुंची रबी फसल

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

रबी फसल की खेती करने वाले किसान इन दिनों खासे परेशान नजर आ रहे है। नहर में पानी की धार पतली होने के कारण खेतों में दरारें पड़ने लगी है। सिंचाई के अभाव में धान की फसल मुरझाने लगी है। अपने खून पसीने की मेहनत से गर्मी में भी लहलहाती फसल लगाने वाले माटी पुत्र किसान इन दिनों सिंचाई की समस्या से जूझ रहे है। वहीं जिम्मेदार प्रशासन के साथ जल संसाधन का पूरा अमला अंजान बना हुआ है।

गौरतलब है कि हसदेव बांगो नहर से 90 प्रतिशत से अधिक सिंचित जांजगीर चांपा जिले में इस बार भी बड़ी संख्या में किसानों ने ग्रीष्मकालीन फसल लगाई है। फसल लगाने के पूर्व बकायदा जिला जल उपयोगिता समिति की बैठक हुई। जिसके बाद जनवरी के पहले सप्ताह से नहर में पानी छोड़ा गया। किसानों ने नहर के पानी से सिंचाई के दम पर बड़ी तादाद में धान की रबी फसल लगाई। पिछले कुछ दिनों से नहर की धार काफी कम हो गई है। नहर में 13 सौ क्यूसेक से अधिक पानी की जरूरत होती है। वर्तमान में 6 सौ क्यूसेक ही पानी चल रहा है। नवागढ़ क्षेत्र में स्थिति कुछ ज्यादा ही खराब है। नवागढ़ क्षेत्र के तुलसी, उदयभांठा, खैरताल, खपरीडीह, किरीत और मिस्दा क्षेत्र के नहर माइनर में 6 सौ क्यूसेक पानी की जरूरत पड़ती है, लेकिन वर्तमान में यहां 2 सौ क्यूसेक पानी ही चल रहा है। इसके अलावा सेमरा लाइन में इससे भी कम पानी आ रहा है। नहर में 30 अप्रैल तक पानी दिया जाएगा। अब अंतिम समय में पानी की मात्रा कम होने से किसान सिंचाई को लेकर परेशान है। किसानों ने दो महीने मेहनत की है। कुछ जगहों पर फसलों में बालियां भी निकलने वाली है, लेकिन ऐनवक्त में पानी की कमी ने कई गांवों के किसानों की परेशानी बढ़ा दी है। खास करके नवागढ़ ब्लाक में धुरकोट डिवाईडर के आगे नहर की धार कम हो जाती है। नवागढ किरीत के बाद खैरताल, खपराडीह और तुलसी माईनर में नहर की धार अत्यंत पतली हो गई है। इसी प्रकार सेमरा क्षेत्र में भी नहर के पानी को लेकर वाद विवाद शुरू हो गया है। बताया जाता है कि ऊपर से ही पानी की मात्रा कम कर दी गई है। इसके अलावा हेड एरिया के किसानों ने मुख्य शाखा नहर पर जगह जगह हेडअप कर दिया है। जिससे निचले क्षेत्र के गांवों तक नहर की धार नहीं पहुंच पा रही है। इस क्षेत्र के आधा दर्जन गांवों में पानी की कमी के चलते ना केवल फसलें मुरझाने लगी है, बल्कि खेतों में दरारें भी पडने लगी है।



तुलसी माइनर मे नहर की धार हुई कम



पानी के अभाव में मुरझाने लगी फसल।

### आंदोलन की तैयारी में किसान

पिछले कुछ दिनों से नहर की धार अत्यंत कम होने से किसान चिंतित है। इधर जिले के तीनों विधायकों ने भी कलेक्टर को किसानों की परेशानी से अवगत कराते हुए पानी बढ़वाने की मांग की है। जांजगीर चांपा विधायक ब्यास कश्यप का कहना है कि अधिकारियों को अवगत कराने के बाद भी नहर में पानी की मात्रा नहीं बढ़ाई जा रही है। किसान अब आंदोलन की तैयारी में है। इस संबंध में ज्ञापन सौंपकर आंदोलन की चेतावनी दी जाएगी।

### ऊपर से ही पानी की कमी

नहर में ऊपर से ही पानी कम आ रहा है। जितना पानी छोड़ा गया है, उसे सभी ओर वितरण कर व्यवस्था बनाई जा रही है। पानी की धार बढ़ाने के लिए उच्चाधिकारियों को अवगत कराया गया है।

-सुधीर सुखदेव,
एसडीओ बिर्रा-नवागढ़

# छोटे भाई ने हत्या कर बड़े भाई को दफनाया, छह माह बाद निकली लाश

## मालखरौदा थाना क्षेत्र के चारपारा की घटना

हरिभूमि न्यूज ⏭ मालखरौदा

सक्ती जिले के मालखरौदा थाना अंतर्गत ग्राम चारपारा में छोटे भाई ने बड़े भाई की हत्या कर लाश को घर में ही दफन कर दिया। छह माह बाद खुदाई कर लाश निकाली गई। इसके बाद मामले का खुलासा हुआ। पुलिस ने आरोपी छोटे भाई को गिरफ्तार कर लिया है।

ग्राम चारपारा में एक युवक द्वारा अपने ही बड़े भाई को मौत के घाट उतारने और घर की ही जमीन पर दफन करने का मामला सामने आया है। हत्या की वारदात छह महीने पुरानी बताई जा रही है। ग्रामीणों की शिकायत के बाद खुदाई कर जब शव बाहर निकाला गया, तब पूरे मामले का पर्दाफाश हो गया। इस संबंध में पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मालखरौदा थाना क्षेत्र के ग्राम चारपारा में रहने वाले 20 वर्षीय संदीप भारती का आए दिन अपने परिवार के सदस्यों से विवाद होते रहता था। छह माह पहले संदीप ने पैसे नहीं देने के विवाद पर अपनी मां से झगड़ा किया और उसकी पिटाई भी कर दी। इस बात को लेकर रात में संदीप के साथ उसके छोटे भाई करन भारती का विवाद हो गया। दोनों भाईयों के बीच मारपीट हो गई। करन ने हाथ मुक्के से संदीप की जमकर पिटाई कर दी और उसका गला दबा दिया। इससे संदीप की मौत हो गई। करन ने संदीप की लाश को घर की ही जमीन पर दफन कर दिया और घरवालों को उसके हैदराबाद चले जाने की मनगढ़त कहानी सुना दी। इस बीच पंचायत चुनाव के दौरान जब करन की मां ने संदीप को बुलवाने कहा, तब करन ने उसकी हत्या कर लाश दफन करने की बात अपनी मां को बताई। धीरे धीरे यह बात गांव में फैलने लगी। मामले की शिकायत पुलिस तक पहुंची। पुलिस ने मजिस्ट्रेक से अनुमति लेकर शनिवार 12 अप्रैल को करन की निशानदेही पर खुदाई कर संदीप की लाश निकलवाई। मालखरौदा पुलिस ने हिरासत में लेकर करन से पूछताछ की तो उसने गुनाह कबूल करते हुए सारी कहानी बयां कर दी। पुलिस ने आरोपी करन भारती को गिरफ्तार कर लिया है।





कब्र खोदकर निकाली गई लाश व घटना स्थल पर जांच करती पुलिस।

# पीआईएल में फर्नेश ब्लास्ट दर्जनभर मजदूर घायल



घायल मजदूरों को लेने प्लांट पहुंची एम्बुलेंस

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा

प्रकाश इंडस्ट्रीज लिमिटेड में शनिवार को एक बड़ा हादसा हो गया। हादसे में 13 मजदूर झुलस गए। घटना की सूचना मिलने पर कलेक्टर और एस पी के साथ आला अधिकारी प्लांट के अंदर पहुचे और घायलों को उपचार के लिए बिलासपुर और रायपुर अस्पताल रेफर कर दिया गया है।

प्रकाश इंडस्ट्रीज में शनिवार 12 अप्रैल को सेकण्ड शिफ्ट के दौरान ओल्ड 15 टन फर्नेश ब्लास्ट हो गया। फर्नेस में ब्लास्ट होने से वहां काम कर रहे अधिकारी कर्मचारी और मजदूरो के ऊपर फर्नेश का लावा छिटक गया। गर्म लावा के संपर्क में आने से 13 लोग घायल हुए। जिसमे 4 मजदूर की हालत गंभीर बताई जा रही है। प्लांट के अंदर हुए हादसे के बाद मौके पर अफरा तफरी मच गई। घायलों को आसपास काम कर रहे श्रमिकों ने किसी तरह संभाला। प्लांट के अधिकारी भी मौके पर पहुंच गए। कुछ देर बाद घटना की सूचना पर कलेक्टर और एसपी आला अधिकारियो के साथ मौके में पहुचे और घायलों के प्राथमिक उपचार के बाद घायलों को बिलासपुर और रायपुर नारायणा अस्पताल रेफर कर दिया गया है। हादसे की वजह अभी स्पष्ट नहीं हो सकी है। मामले की जांच के लिए एक्सपर्ट की टीम बुलाई गई है।

### 8 माह से फरार धोखाधड़ी के आरोपी को मुंबई से पकड़ा

**जांजगीर-चांपा।** 8 माह से फरार धोखाधड़ी के आरोपी को मुंबई से पकड़ने में पुलिस को सफलता मिली है। मामला सिटी कोतवाली जांजगीर का है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार मामला 10 सितंबर का है। प्रार्थी सतेंद्र पटनवार, निवासी कोरिया ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसके भांजे अमन कौशिक ने आरोपी अनुराग राठौर एवं उसके अन्य साथियों को कुल 1.60 करोड़ उधार दिए थे। जब अमन ने अपनी रकम वापस मांगी तो आरोपियों ने उसे धोखा देकर पैसे नहीं लौटाए और लगातार प्रताड़ित करते हुए आत्महत्या के लिए उकसाया। मानसिक रूप से परेशान होकर अमन ने विष सेवन कर आत्महत्या का प्रयास किया, और इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।थाना जांजगीर में धारा 420, 306, 34 आईपीसी के तहत मामला दर्ज कर जांच प्रारंभ की गई। सी प्रकरण का एक और आरोपी, सतीष सोनवानी उर्फ आर्यन जो घटना के बाद से फरार था, उसकी लगातार तलाश की जा रही थी। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि आरोपी मुंबई में छिपा हुआ है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है।






## बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने मौके पर किया हंगामा

# चांपा में धर्म परिवर्तन की सूचना पर हड़कंप, पुलिस ने संभाला मोर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा

चांपा नगर के लायंस चौक स्थित एक भवन में धर्म परिवर्तन कराए जाने की सूचना पर शनिवार को शहर में तनाव की स्थिति उत्पन्न हो गई। बाहर से आए कुछ लोगों के धर्म परिवर्तन गतिविधियों में शामिल होने की खबर पर भाजपा और बजरंग दल के पदाधिकारी मौके पर पहुंचे और स्थिति की जानकारी ली।

ज्ञात हो कि चांपा नगर के लायंस चौक स्थित एक भवन में धर्म परिवर्तन कराए जाने की सूचना प्राप्त हुई। मिली सूचना के बाद भाजपा नेता व बजरंग दल के सदस्य तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे। वहां मौजूद लोगों से पूछताछ कर मामले की तहकीकात की गई। बताया जा रहा है कि उक्त भवन में कुछ बाहरी लोग एकत्रित हुए थे, जिससे धर्मांतरण की आशंका जताई गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस भी तुरंत मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रण में लिया। पुलिस अधिकारियों ने सभी पक्षों से बातचीत कर माहौल शांत कराया। फिलहाल पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि क्या वास्तव में कोई धर्मांतरण गतिविधि चल रही थी या नहीं। पुलिस प्रशासन ने लोगों से शांति बनाए रखने और अफवाहों से दूर रहने की अपील की है। वहीं, नगर में सुरक्षा व्यवस्था भी बढ़ा दी गई है ताकि किसी भी अप्रिय घटना से बचा जा सके। जिले में लाख कोशिशों के बाद भी धर्मांतरण के मामले थमने का नाम नहीं ले रहा है। इसी बीच अब चांपा शहर में धर्मांतरण का भंड़ाफोड़ हुआ है। यहां किराये के मकान में धर्मांतरण का खेल चल रहा था। बजरंग दल के कार्यकर्ताओं को पता चलने के बाद मौके पर पहुंचे और हंगामा किया। फिलहाल पुलिस इस पूरे मामले की जांच में जुटी हुई है।



लोगों से पूछताछ करते पुलिस टीम।

Bajpai Buildcon

# A Luxurious Lifestyle... with the Essence of Royalty

You just can't miss the glorious opportunity to own a home at Near Uslapur Railway Station, Bilaspur

RSPL



स्व. रविशंकर रिछारिया
की स्मृति में निर्मित

भव्य शुभारंभ

श्रीमती स्वदेश रिछारिया
के कर कमलों से
14 अप्रैल 2025, शाम 7 बजे
आप सभी सादर आमंत्रित है

A project by : Bajpai Buildcon india (P) Ltd./ Rituraj Steel (P) Ltd.

Bajpai's

# RSR APARTMENT

**48 AFFORDABLE 2BHK FLATS** Alka Avenue : Uslapur, Bilaspur

- अलका एवेन्यू में घर वो भी 25 लाख से कम में
- अफोर्डेबल हाउसिंग 2.65 लाख तक की सरकारी सब्सिडी*
- शहर की सबसे शांत और ग्रीन कॉलोनी
- उसलापुर स्टेशन के एकदम पास
- 3000 से ज्यादा संतुष्ट कस्टमर

अल्का एवेन्यू में प्लॉट उपलब्ध 1600, 1760, 1815, 1980, 2520, 3150 Sqft.



READY FOR POSSESSION

## Our Completed Projects


**Hotel East Park**
Agresan Chowk, Bilaspur


**Chandra Park**
Near Brahaspati Bazar


**Siddhivinayaka Heights**
Civil Lines


**Bajpai Chambers**
Rajendra Nagar Chowk


**H.N. Bajpai Tower**
Madhyanagari Chowk


**Parijat Heights**
Parijat Extension, Nehru Nagar


**Parijat Extension**
Nehru Nagar


**Parijat Castle**
- Ring Road, No. 2


**Jagnnathpuram**
Rajkishore Nagar


**Rohni Vihar**
Behind Green Park Colony


**Bajpai Castle**
Minocha Colony

## OUR PARTNERS IN THE PROJECT

**Architect : Ar. Shyam Shukla** | **PROJECT ENGINEER: ASHOK TIWARI** | **OVERALL SUPERVISION (PMC) : M/S KING KALIS DEVELOPERS, PH - 8319071268**

MATERIAL

| EARTH WORK | TILES | PAINT | WINDOW | DOOR | PLUMBING | CONCRETE | GRILL |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| MUNNA THAKUR | RUPALI TILES | BHARAT PAINT | VEE R VEE BROS. | SANKAT MOCHAN | KAPASI TRADERS | ACM READY MIX | SATYA ENGINEERING |
| **DOOR FRAMES** | **METAL** | **SAND** | **GRANITE** | **CEMENT** | **STEEL** | **BRICK** | **ELECTRICAL** |
| ANNAPURNA INDUSTRIES | SARKAR MINERALS | JAI MALI | KALYAN STONES | RADHESHYAM TRADERS & DURGA TRADERS | BALAJI STEELS &B.R. TRADERS | SIDDHI VINAYAK INDUSTRIES & RAMJI FLYASH BRICKS | KAPASI SALES |

CONTRACTORS

| CIVIL | PAINTING | TILES | PLUMBER | ELECTRICIAN | MAIN LINE | CORE CUTTING | LAND SCAPE |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ROHIT RAJPUT | RAMAKANT | RAHUL DARJI | GOPI SURYAWANSHI | RAJU JAISWAL | M/S SANJAY AGRAWAL | SANJU MAHENDRA | JANTA NURSERY |
| KARAN SINGH | ASHWANI | M/S RISHABH SINGH | | ISHWAR SAHU | | RAM KUMAR | NOOR AHAMAD |
| RAJU BRINDA | | | | | | | |

RSPL

# BAJPAI BUILDCON INDIA (P) LTD.

Alka Avenue, Near Uslapur Rly. Station, Bilaspur (C.G.)

Mob.: 9039144615, 7024761441

SCAN FOR LOCATION

## खबर संक्षेप



### विधायक ने कोयला मंत्री से मुलाकात कर क्षेत्र की समस्याओं से कराया अवगत

**हरदीबाजार।** जिले के मेगा कोयला खदानों के निरीक्षण पर पहुंचे केंद्रीय कोयला मंत्री जी किशन रेड्डी से कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल ने गेवरा में मुलाकात कर क्षेत्र में एसईसीएल से विस्थापित ग्रामों के बसाहटों की दूर्दशा, मूलभूत सुविधाएं की समस्याओं से अवगत कराया और मांग रखी कि खदान विस्तार में अधिग्रहित ग्रामों का आंशिक अधिग्रहण न कर पूर्ण अधिग्रहण करें, विस्थापित गांवों को पूर्ण व सर्वसुविधायुक्त बसाहट दें। क्षेत्र प्रदूषण, पानी और हैवी ब्लास्टिंग से ग्रसित है जिसके लिए सभी खदानों के प्रभावित गांवों की एसईसीएल प्रबंधन संज्ञान लेकर त्वरित निर्णय लेकर कार्य करें। इस पर कोयला मंत्री जी किशन रेड्डी ने अधिकारियों से चर्चा करने व समस्या निराकरण करने विधायक प्रेमचंद पटेल को आश्वस्त किया।

### छत्तीसगढ़ अखबार वितरक संघ ने पत्रकार रोहरा को दी श्रद्धांजलि



**कोरबा।** छत्तीसगढ़ अखबार वितरक संघ ने क्षेत्र के वरिष्ठ पत्रकार लेखक व कवि सुरेश चंद्र रोहरा के आकस्मिक निधन पर ट्रांसपोर्ट नगर स्थित अखबार वितरण केंद्र पर पत्रकार सुरेश चंद्र रोहरा के सम्मान में 2 मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई तथा ईश्वर के चरणों में स्थान मिले प्रार्थना की गई। श्रद्धांजलि सभा में संघ के प्रदेश अध्यक्ष विनोद सिन्हा, प्रदेश संरक्षक पदम सिंह चंदेल, जिला अध्यक्ष विपेन्द्र कुमार साहू, जिला सचिव जय कुमार नेताम, लक्ष्मी राठौर, सह सचिव राय सिंह, मीडिया प्रभारी अनिल गिरी ,कृष्ण कुमार निर्मलकर ,रामा, यश नेताम उपस्थित थे।

### नपाप अध्यक्ष ने वार्डों में विभिन्न विकास कार्यों का किया भूमि पूजन



**बांकीमोंगरा ।** बांकीमोंगरा नगर पालिका परिषद अध्यक्षा श्रीमती सोनी विकास झा ने वार्ड क्रमांक 20, 24, 25, 27, 28, 30 में विभिन्न विकास कार्यों का भूमि पूजन किया। जिनमें वार्ड क्रमांक 20 सीसी रोड निर्माण, आरसीसी नाली निर्माण, वार्ड क्रमांक 24 सीसी रोड निर्माण, वार्ड क्रमांक 27 सीसी रोड निर्माण, वार्ड क्रमांक 25 सीसी रोड निर्माण, वार्ड क्रमांक 30 में सीसी रोड निर्माण शामिल है। भूमिपूजन कार्यक्रम में मुख्य रूप से बांकीमोगरा नगर पालिका परिषद अध्यक्षा श्रीमती सोनी विकास झा, छत्तीसगढ़ भाजपा युवा मोर्चा कोषाध्यक्ष विकास झा, बांकीमोंगरा मंडल अध्यक्ष उदय प्रसाद, बबलू डहरिया, वार्ड क्रमांक 30 पार्षद राहुल केवट, वार्ड क्रमांक 24 पार्षद राजकुमार कंवर, वार्ड क्रमांक 28 पार्षद श्रवण कुमार यादव अभिलाष यादव सहित बड़ी संख्या में विभिन्न वार्डों के महिलाएं एवं पुरुष सम्मिलित हुए।

### तीन वर्ष से अटकी थी रोजगार गारंटी की राशि, जनपद उपाध्यक्ष ने कराया निराकरण



**कोरबा।** करतला विकासखंड की ग्राम पंचायत रोगदा (नवलपुर) मे अपने जनपद क्षेत्र के ग्रामीणों के बीच पहुंचे जनपद पंचायत करतला के उपाध्यक्ष मनोज झा लोगों के बीच जाकर जनसंपर्क किया जिसमें ग्रामीणों द्वारा उनको कई समस्याएं बतलाई गई जिसमे ग्राम पंचायत रोगदा के आश्रित ग्राम नवलपुर मैं तीन वर्षों से ग्रामीणों द्वारा रोजगार गारंटी के तहत कार्य किया गया था जिसकी राशि उनको प्राप्त नहीं हुई थी इसकी शिकायत जनपद उपाध्यक्ष मनोज झा से की गई ग्रामीणों ने बताया कि 30 से अधिक लोगों की रोजगार गारंटी की राशि उनके खाते में नहीं पहुंची है तब इसका त्वरित निराकरण करते मौके पर ही चंद्रा पीओ रोजगार विभाग करतला को इसकी जानकारी दी गई तथा रोजगार सहायक को बुलाकर इस शिकायत की जानकारी मांगी जिसका निराकरण करते हुए रोजगार सहायक ने कहा कि कई खातों में आधार सिडिंग ना होने के कारण रुका हुआ है।

## पूर्व में समितियों के खराब क्वालिटी के पत्तों की नहीं होती थी खरीदी

# कोरबा कटघोरा वनमंडल के हरे सोने की शत प्रतिशत हुई खरीदी, मई में शुरू होगा संग्रहण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



फाइल फोटो

जिले के कोरबा और कटघोरा मंडल के हर सोने की पहली बार ठेकेदारों ने मुंह मांगी दर पर खरीदी की है। पूर्व में ऐसा होता था कि कई समितियां के खराब पत्ते होने की वजह से ठेकेदार खरीदने में रुचि नहीं लेते थे और वन विभाग को विभागीय तौर पर पत्तों का संग्रहण करना पड़ता था लेकिन पहली बार ऐसा हुआ है कि कोरबा और कटघोरा वन मंडल के हरे सोने के सभी समितियों के तेंदू पत्तों को ठेकेदारों ने खरीद लिया है। अब महज 15 दिन बाद जंगल में अलसुबह आदिवासी परिवारों के द्वारा तेंदू पत्तों का संग्रहण कार्य किया जाएगा।

उल्लेखनीय है कि कोरबा और कटघोरा वन मंडल के तेंदू पत्ते की डिमांड हर वर्ष बड़े पैमाने पर रहती है लेकिन अक्सर देखने को मिलता था कि कई समिति के तेंदू पत्ते जिनकी क्वालिटी बेहतर नहीं होती थी उन समितियां के तेंदूपत्ता को ठेकेदार खरीदने में रुचि नहीं लेते थे और कई बार नीलामी के बाद भी उन पत्तों की खरीदी नहीं हो पाती थी। जिसके चलते हर बार कम से कम 4 से 5 समिति के तेंदू पत्ते का संग्रहण करने के लिए विभाग को मशक्कत करनी पड़ती थी और वन विभाग को इन समितियों का विभागीय संग्रहण कराना पड़ता था लेकिन पहली बार ऐसा हुआ है कि कोरबा और कटघोरा वन मंडल के शत प्रतिशत सभी समितियां के तेंदूपत्ते की खरीदी ठेकेदारों ने कर ली है। बाकी वर्ष की अपेक्षा इस बार दोनों वन मंडल के तेंदूपत्ते की नीलामी अधिक दर पर ठेकेदारों ने की है। जिससे ठेकेदारों द्वारा अब मई माह के पहले सप्ताह में तेंदूपत्ता संग्रहण कार्य शुरू कराया जाएगा। इसके लिए वन विभाग भी तैयारी शुरू कर दी है। यदि मौसम ठीक-ठाक रहा तो इस बार संग्रहण लक्ष्य को आसानी से पूरा कर लिया जाएगा। बताया जाता है कि कोरबा और मंडल में 53 हजार 800 मानक बोरा तेंदू पत्ते का संग्रहण लक्ष्य किया जाना है। जबकि कटघोरा वन मंडल में 76 हजार 300 मानक बोरा तेंदू पत्ते का संग्रहण किया जाना है। संभवतः दो-तीन मई से दोनों दोनों वन मंडल के आदिवासी परिवार तेंदूपत्ता का संग्रहण कार्य शुरू किया जाएगा।

### कोरबा में किस समिति को कितने में की गई है खरीदी

कोरबा वन मंडल के 34 समितियों को ठेकेदारों ने ऑनलाइन नीलामी में खरीदी की है जिसमें उरमेली 5291, सोहागपुर 3529, चिकनीपाली 5959, सेन्द्रीपाली/नोनबिर्रा 7704,बेहरचुवां 7069,रामपुर 8319,नोनदरहा/चारमार 7189,बड़मार/करतला 10093 , कोटमेर 8855,पुरैना 3969, सरगबुंदिया/भैसमा 3223, बुंदेली 7999, कोई 9494 चचिया 9239,कुदमुरा 8099, बरपाली 8181, कोल्गा-अ 10093, कोल्गा-ब 9859,पसरखेत 9499,,बताती 8859, रजगामार 9059, कोरबा 7339, जामबहार 8611, बेला 9239, ठाकुरखेता 10409, गिरारी 8601, लबेद 8799, गुरमा 9499, श्यांग 9499, विमलता 11009, चुईया 8639, अजगरबहार/सतरेंगा 9299, गढ़ 10195, लेमरू 1110 प्रति मानक बोरा की दर से खरीदी की गई है।

### कटघोरा में किस समिति को कितने में की गई है खरीदी

कटघोरा वन मंडल के 44 समितियों को ठेकेदारों ने ऑनलाइन नीलामी में खरीदी की है जिसमें मुरली 4389, उतरदा 4489, मुडापार 2520, बिरदा 2520, हरदी बाजार 2520, दीपका 2520, रतिजा 7569, तिवरता 4488, बांधाखार 4686, नुनेरा 7569, पाली 7559, बक्साही 5021, पोंड़ी 6609, सिल्ली 7579, बतरा 7409, कोडार 8609, जेमरा 8609, लाफा 7507, बारीउमराव 9106, राहा 9106, चटुवाभौना 8109, ईरफ 7979, मानिकपुर 5489, बांकी 3529, छुरी 7129, कटघोरा 7129, तानाखार 8719, विंझरा 6819, रावा 9795, तुमान 9795, गुरसियां 9199, वांधापारा 9556, मोरगा 11609, मदनपुर 11609, चोटिया 8949, जटगा 8703, अमलीकुंडा 8339, सेमरा 7979, पसान 8879, जल्के तनेरा 8849, पिपरिया 7651, सिरमिना 6100 , लाद कोरवी 8419, पाली बुढापारा 4717 प्रति मानक बोरा की दर से खरीदी की गई है।

# अलग-अलग सड़क हादसे में दो की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में सड़क हादसों का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। अलग-अलग थाना क्षेत्र के दो सड़क हादसों में एक युवक की तो एक वृद्ध की मौत हो गई है। दोनों ही मामलों में पुलिस ने वैधानिक कार्रवाई कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया है वहीं पुलिस ने दुर्घटना को अंजाम देने वाले वाहन चालकों के खिलाफ अपराध पंजीकृत कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

**खास बात**

- उरगा थाना व मोरगा चौकी की घटना

पहली घटना उरगा थाना क्षेत्र के में घटित हुई है। गुरुवार की रात उरगा से कुछ सामान लेकर घर वापस लौट रहे बाइक सवार युवक को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में गंभीर रुप से घायल हो गया था जिसे उपचार के लिए जिला अस्पताल कोरबा में भर्ती कराया गया था। बताया जाता है कि उरगा थाना क्षेत्र के भिलाईखुर्द निवासी सुजल साहू गुरुवार की रात मोटर सायकल में सवार होकर जा रहा था कि कोरबा चांपा मुख्य मार्ग में सुजल साहू को एक अज्ञात वाहन ने अपनी चपेट में लिया जिससे वह गंभीर रुप से घायल हो गया। जहां स्थानीय लोगों की मदद से मेडिकल अस्पताल में दाखिल कराया गया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गइ। मामले में जिला अस्पताल पुलिस ने वैधानिक कार्यवाही कर शव को परिजनों को सुपुर्द कर दिया है। वहीं उरगा पुलिस ने दुर्घटना को अंजाम देने वाले चालक की खोजबीन शुरु कर दी है। पुलिस का कहना है कि क्षेत्र में लगे सीसीटीवी फुटेज के आधार पर दुर्घटनाकारित वाहन चालक की पतासाजी कर रही है। जबकि दूसरी घटना मोरगा चौकी क्षेत्र की है। यहा निवासरत ग्राम पतुरियाडांड निवासी श्रीनाथ पैकरा उम्र 65 वर्ष पिता स्व. बोधराम पैकरा सड़क हादसे का शिकार हो गया, जहां इलाज के दौरान मौत हो गई है। बताया जाता है कि श्रीनाथ बस में सवार होने के लिए मदनपुर आया हुआ था जहां से पैदल जा रहा था कि इसी दौरान एक गैस से भारी वाहन ने उसे अपनी चपेट में ले लिया जिससे श्रीनाथ पर गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय राहगिरों ने डायल 112 की मदद से श्रीनाथ पर को उपचार के लिए मेडिकल हॉस्पिटल में दाखिल कराया गया था। जहां इलाज के दौरान शुक्रवार को उसकी मौत हो गई। मामले में जिला अस्पताल पुलिस ने वैधानिक कार्रवाई कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया है। वहीं दुर्घटना को अंजाम देने वाले भारी वाहन चालक के खिलाफ अपराध पंजीकृत कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# आमजन की समस्याओं से रूबरू होने बस्तियों में पहुंची महापौर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

महापौर आमजन की समस्याओं से रूबरू होने तथा उनके निराकरण के लिए विभिन्न बस्तियों में पहुंचकर समस्याओं की जानकारी ली। उन्होंने निगम के वार्ड क्र. 1, 2 एवं 14 की विभिन्न बस्तियों, मोहल्लों में पैदल भ्रमण करते हुए वहाँ के नागरिकों से भेंट मुलाकात की, पानी, बिजली, साफ-सफाई जैसी मूलभूत सुविधाओं व विकास से संबंधित समस्याओं की जानकारी ली तथा इनके त्वरित निराकरण के संबंध में अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

महापौर ने पार्षदों, जनप्रतिनिधियों व निगम के अधिकारियों के पटेलपारा, फोकटपारा, इंदिरा नगर, सांई मोहल्ला, रामसागरपारा, शासकीय स्कूल के पीछे मोहल्ला, अमरैयापारा, शारदाविहार सहित अन्य बस्तियों व मोहल्लों का दौरा किया। इस दौरान महापौर बिजली, पानी व साफ-सफाई जैसी मूलभूत सुविधाओं से जुड़ी समस्याओं से अवगत हुई तथा समस्याओं के त्वरित निराकरण हेतु अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। भ्रमण के दौरान कुछ बस्ती के निवासियों ने महापौर से बस्तियों के आखिरी छोर पर पानी का प्रेशर कम होने जैसी समस्याएं बताई, जिस पर महापौर ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि बस्तियों के आखिरी छोर तक पानी का पर्याप्त प्रेशर बने तथा लोगों को उनकी आवश्यकतानुसार पेयजल की आपूर्ति उपलब्ध हो सके, इस दिशा में त्वरित रूप से आवश्यक कार्यवाही करें।

### जनसमस्याओं का प्राथमिकता से निराकरण

इस मौके पर महापौर ने बस्तीवासियों से कहा कि आपकी समस्याओं का प्राथमिकता से निराकरण कराए जाने हेतु निगम प्रशासन पूर्ण रूप से प्रतिबद्ध है, छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा भी इस दिशा में विशेष ध्यान दिया जा रहा है। जनसमस्याओं के निराकरण हेतु सुशासन तिहार का आयोजन भी हो रहा है तथा यह प्रयास किया जा रहा है कि आपकी सभी विकासपरक समस्याओं का निराकरण त्वरित रूप से किया जा सके। इस मौके पर महापौर श्रीमती राजपूत ने शहर की स्वच्छता व निगम के साफ-सफाई कार्यों में सबके सहयोग का आग्रह भी किया।

### राज्य स्तरीय हॉकी स्पर्धा 18 से 20 तक, जिले के खिलाड़ी लेंगे हिस्सा

**कोरबा।** डॉ. भीमराव अंबेडकर खेल मैदान बालको में राज्य स्तरीय हॉकी स्पर्धा का आयोजन 18 से 20 अप्रैल तक किया जाएगा। स्पर्धा में छत्तीसगढ़ प्रदेश के राजनांदगांव जिला सहित अनेक जिलों के खिलाड़ी शामिल होंगे। स्पर्धा का उद्घाटन 18 अप्रैल को संध्या 5 बजे होगा। राज्य हॉकी संघ के मार्गदर्शन में जिला हॉकी संघ कोरबा द्वारा हॉकी खिलाडिय़ों की स्पर्धा को आगे बढ़ाने के लिए बालको के खेल मैदान में प्रदेश स्तरीय हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है जिसमें राजनांदगांव, महासमुंद, रायगढ़, ओडिया, बिलासपुर, जांजगीर-चाम्पा सहित अनके जिलों की टीमें हिस्सा लेंगी। तीन दिन तक चलने वाले आयोजन को लेकर बालको हॉकी संघ और जिले के हॉकी खिलाडिय़ों द्वारा व्यापक तैयारियां की जा रही है। आयोजन में हॉकी संघ के प्रदेश अध्यक्ष फिरोज अंसारी, महासचिव मनीष श्रीवास्तव सहित प्रदेश के राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी शामिल होंगे।

### जहर खाकर युवक ने की आत्महत्या

**कोरबा।** अज्ञात कारणों के चलते एक 23 वर्षी युवक ने अपने घर में रखें किसी कीट नाशक पदार्थ का सेवन कर लिया था, जब उसकी तबीयत बिगड़ने पर परिजनों ने उसे उपचार के लिए मेडिकल हॉस्पिटल में दाखिल कराया था। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई है। पुलिस ने मामले में वैधानिक कार्रवाई कर शव को परिजनों को सौंप दिया। मामले की जांच शुरू कर दी है। युवक ने किन कारणों के चलते या आत्मघाती कदम उठाया है स्पष्ट नहीं हो पाया है, फिलहाल पुलिस मामले में मर्ग कायम कर जांच कर रही है। उरगा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कुदारी निवासी राजेश उरांव उम्र 23 वर्ष पिता स्व सोनालाल उरांव ने घर में रखे किसी कीटनाशक पदार्थ का सेवन कर लिया। जब राजेश की तबीयत बिगड़ने लगी तो परिजनों को पता चला कि राजेश ने जहर सेवन कर लिया है। आनन फानन में परिजन उसे उपचार के लिए जिला मेडिकल हॉस्पिटल लेकर पहुंचे थे जहां उसका उपचार चल रहा था। शुक्रवार की तड़के राजेश की मौत हो गई। जिला अस्पताल पुलिस ने मामले में वैधानिक कार्रवाई कर शव को परिजनों को सुपुर्द कर दिया है।

जांजगीर मार्केट

संजीवनी SPRHC
फिजियोथेरेपी एवं पाईल्स क्लीनिक
पाईल्स बवासीर भगंदर पथरी (बिना ऑपरेशन)
• फ्रेक्चर, प्लास्टर ऑपरेशन के बाद जोड़ो का दर्द, जकड़न, ना मुड़ना
• कमर, गर्दन, कंधा, घुटना, एड़ी का दर्द
• सियाटिका, वात, लकवा (हाथ, पैर, मुंह)
• नसों से संबंधित दर्द
डॉ. श्रीमती ममता साहू BAMS, MS (Surgery), CGO (Nagpur)
डॉ. योगेश साहू (P.T.) BPT, MPT (Ortho.), CMT, DNHE
परशुराम चौक, डॉ. चन्द्रा हॉस्पिटल के बगल गली में चाम्पा
MO. 9691553615

# केन्द्र सरकार को लाभांश देने के मामले में कोल इंडिया टॉप पर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा




कोल इंडिया लिमिटेड विश्व की सबसे बड़ी कोयला उत्पादन कंपनी है। सीआईएल ने वित्तीय वर्ष 2024- 25 में 781.06 मिलियिन टन कोयल उत्पादन किया है।

केन्द्र सरकार का खजाना भरने में केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रमों में कोल इंडिया लिमिटेड टॉप पर है। सीआईएल ने खत्म हुए वित्तीय वर्ष 2024- 25 में 10,252.09 करोड़ रुपए का लाभांश दिया है। यहां बताना होगा कि कोल इंडिया लिमिटेड विश्व की सबसे बड़ी कोयला उत्पादन कंपनी है। सीआईएल ने वित्तीय वर्ष 2024- 25 में 781.06 मिलियिन टन कोयल उत्पादन किया है। केन्द्र सरकार को वित्तीय वर्ष 2024- 25 में केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रमों से 74,016.68 करोड़ रुपये का लाभांश प्राप्त हुआ है। केन्द्र सरकार को 2023- 24 में 63,749.29 करोड़ रुपए का लाभांश मिला था। इसमें 16 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज हुई है। लाभांश देने के मामले में कोल इंडिया के बाद दूसरे स्थान पर राज्य के स्वामित्व वाली तेल और गैस की दिग्गज कंपनी ऑयल एंड नेचुरल गैस कॉरपोरेशन है। ओएनजीसी ने 10,001.97 करोड़ रुपए का डिविडेंड दिया है। भारत की शीर्ष ईंधन खुदरा विक्रेता कंपनी इंडियन ऑयल कारपोरेशन लिमिटेड ने 5,090.54 करोड़ रुपए, पावर ग्रिड कारपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड और एनटीपीसी लिमिटेड ने क्रमशः 4,824.59 करोड़ रुपए और 4,088.16 करोड़ रुपए का योगदान दिया है। पिछले एक दशक में सीपीएसयू से लाभांश संग्रह में वृद्धि का देखने को मिली है। 2021- 22 में सरकार को सीपीएसयू से 59,294 करोड़ रुपए मिले थे। 2022- 23 में 59,533 करोड़ रुपए की मामूली वृद्धि हुई थी, लेकिन 2023- 24 में यह आंकड़ा बढ़कर 63,749.29 करोड़ रुपए पर पहुंच गया था।

### गौ-गोपाल मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा लोकार्पण समारोह 15 को

**कोरबा।** गौ माता की कृपा एवं आशीर्वाद से श्री अग्रसेन गोधाम, कनबेरी, कोरबा में नवनिर्मित गौ गोपाल मंदिर का प्राण-प्रतिष्ठा एवं लोकार्पण समारोह भव्य रूप से आयोजित किया जा रहा है। यह धार्मिक आयोजन 12 से 15 अप्रैल तक श्रद्धा और भक्ति के साथ संपन्न होगा, जिसमें अनेक श्रद्धालु तथा गणमान्य अतिथि शामिल होंगे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उप मुख्यमंत्री अरुण साव होंगे।

HEALTH TOWN

अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभाट टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 8103128515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.
नाक,कान, गला विभाग
• सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
• ऑपरेशन द्वारा ईलाज
• नाक की प्लास्टिक सर्जरी
चक्कर की जाँच
एलर्जी
Dental & Consmetic Treatments
• टेढ़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
• दांतो की नसों का इलाज
• दांतों की सफाई व चमकाना
• दंत प्रत्यारोपण
• मुंह के कम खुलने का इलाज
(Hearing Aids) सुनाई मशीन

TOP IN JANJGIR

जिले में 55 बिस्तरों का राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
शिशु एवं बाल्यरोग विभाग
24x7 इमरजेंसी सुविधा उपलब्ध
• न्यूमोनिया, पायोथोरेक्स, सेप्टिक शॉक, उल्टी दस्त के साथ बच्चे का सुस्त हो जाना,
• तेज बुखार के साथ झटका आना, ए. आर. डी. एस. बच्चे को लगातार झटके आना,
• पीलिया, जन्म के समय गन्दा पानी पीना व साँस न लेना, हाइपरटेंशन, लीवर फैलियर,
• डाइबिटिक कीटो एसिडोसिस, अस्थमा, बच्चों का बार बार बीमार पड़ना, इमरजेंसी सुविधाएं,
• गहन एवं गंभीर रूप से पीड़ित सभी बच्चों का इलाज हेतु एन.आई.सी.यु., पी.आई.सी.यू. की सुविधा,
• क्रिटिकल केयर विभाग, सभी तरह की आपातकालीन सुविधाएं,
• आकस्मिक दुर्घटना, सर की चोंट, जहर खुरानी, माइग्रेन का इलाज, बिच्छू एवं सर्प दंश का इलाज,
• हृदयघात, छाती में भारीपन / दबाव/ असुविधा या दर्द, गंभीर संक्रमण, साँस फूलना, मलेरिया डेंगू,
• तेज धड़कन, लकवा / पैरालिसिस, अचानक चक्कर आना, गंभीर संक्रमण आदि,
डॉ. दिलीप जैन M.B.B.S, D.N.B, I.D.P.C.C.M बाल्य गहन एवं क्रिटिकल केयर स्पेशलिस्ट बिलासपुर संभाग के प्रथम एवं एकमात्र बाल्य गहन चिकित्सा विशेषज्ञ
पता:- पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौंदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी 7999640661

जिले में 55 बिस्तरों का राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
यूरोलॉजी विभाग (मूत्र एवं किडनी रोग)
• किडनी, मूत्रनली एवं पेशाब के थैली में पथरी (PCNL, URSL, SPCL, PCCL, RIRS)
• गुर्दा एवं पेशाब की थैली का कैंसर, प्रोस्टेट का बढ़ जाना (TURP),
• पेशाब का बार बार आना व कन्ट्रोल न होना, • पेशाब में खून व मवाद आना व जलन होना,
• पेशाब में रूकावट व जलन, • महिलाओं में खांसने व छींकने से पेशाब लिक होना,
• किडनी रोग का सम्पूर्ण ईलाज, • पेशाब की नली में सिकुड़न व पतली धार होना,
• पुरुष नपुंसकता व बाँझपन, ए.वी. फिस्टुला ऑपरेशन (डायलिसिस हेतु)
• अत्याधुनिक दूरबीन, लेज़र से पथरी व प्रोस्टेट का ऑपरेशन (बिना चिर फाड़ के)
• कैंसर (गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली व टेस्टिस के कैंसर का ऑपरेशन,
सुविधाएं: दूरबीन पद्धति से मूत्ररोग के सभी बिमारियों का ईलाज एवं ऑपरेशन
जिले के प्रथम एवं एकमात्र यूरोलॉजिस्ट डॉ. प्रदीप जैन M.B.B.S, M.S, MCh Urology (Mumbai) Urologist, Andrologist & Renal Transplant Surgeon
पता:- पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौंदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी 7999640661

जिले में 55 बिस्तरों का राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
दंत रोग विभाग
• दांतों से सम्बंधित सभी प्रकार के समस्याओं का इलाज
• दाँतों की नसों का ईलाज (Root Canal Treatment - RCT), दर्द रहित दांत निकालना,
• टेढ़े-मेढ़े व बाहर निकले दाँतों एवं जबड़ों का ईलाज (BRACES),
• हड्डी में फिक्स होने वाली बत्तीसी (IMPLANT), निकालने लगाने वाली बत्तीसी (DENTURES),
• आधुनिक मशीनों द्वारा दाँतों की सफाई, कृत्रिम दाँत लगाना, लेज़र द्वारा दाँतों में मसाला भरना,
• मुँह न खुलने व कम खुलने का ईलाज, मुँह के छालों का ईलाज (OSMF)
• दाँतों का एक्स-रे, दाँतों की ब्लीचिंग एवं व्हाइटनिंग,
• मुँह व दाँत सम्बंधित अन्य सभी बिमारियों का ईलाज, बच्चों के दंतरोगों का समूर्ण ईलाज
जिले की प्रथम एवं एकमात्र ऑर्थोडोंटिस्ट डॉ. सुमिता जैन B.D.S, M.D.S-Orthodontics & Dentofacial Orthopedics (GOLD MEDALIST), M.P.H दन्त एवं मुख रोग विशेषज्ञ
पता:- पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौंदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी 7999640661

जिले में 55 बिस्तरों का राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग
• लेप्रोस्कोपी विधि द्वारा बच्चेदानी का ऑपरेशन, 24 घंटे नॉर्मल डिलीवरी और सीजीरियन डिलीवरी,
• बार बार गर्भपात होने का इलाज, बच्चेदानी की बंद ट्यूब को खोलना,
• बच्चेदानी की सफाई, मासिक सम्बन्धी बिमारियों का ईलाज,
• नसबंदी, युरिनरी समस्याएं, अनियंत्रित रक्त रिसाव, असमान्यतौर पर अचानक से रक्त का बहाव बढ़ जाना,
• बहुत ज्यादा पसीना आना, स्तन में गठान, गर्भावस्था की सम्पूर्ण जाँच,
• परिवार नियोजन सम्बन्धी सुविधाएँ, PCOD का ईलाज, सफ़ेद पानी (ल्यूकोरिया) का ईलाज,
• बच्चेदानी थैली, ओवरी के कैंसर व गठान का ईलाज,
• अन्य महिलाओं सम्बंधित बिमारियों का ईलाज एवं ऑपरेशन,
24/7 EMERGENCY SERVICES
सुविधाएं: सोनोग्राफी की सुविधा प्रसवपूर्व जाँच एवं परामर्श
पता:- पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौंदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी 7999640661

जिले में 55 बिस्तरों का राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
जनरल सर्जरी, हड्डी रोग एवं ट्रॉमा विभाग
• पेट से सम्बंधित सारी बिमारियों का इलाज, आपेंडेक्टमी, गैलब्लैडर ऑपरेशन, हाइड्रोसील, बवासीर (पाइल्स),
• फिस्टुला, फिसर, आंतो की रुकावट, हार्निया ऑपरेशन, आंत-गुदा सम्बंधी ऑपरेशन,
• आंतों का फटना, वर्सेक्टमी, पुरुष एवं महिला नसबंदी, हेमोरोइड सर्जरी, थायरॉइड सर्जरी,
• सरकम सीजर (खतना), ब्रेस्ट (स्तन) कैंसर, पेट एवं मुँह के कैंसर रोग सर्जरी, पित्त की थैली (गॉलब्लेडर) की
• पथरी का ऑपरेशन, बच्चों के समस्त ऑपरेशन
• एक्सीडेंटल व ट्रॉमा का ईलाज, घुटने और कूल्हे की सर्जरी व प्रत्यारोपण,
• हड्डी टूटने के सर्जरी, पैर और पैर की उँगलियों की सर्जरी, सल्य विधि से स्कोलियोसिस का सर्जरी,
• शोल्डर और बाजु की सर्जरी, कमर दर्द एवं साइटिका, ऑर्थराइटिस,
• गठिया, हड्डी रोग का सम्पूर्ण ईलाज, बच्चों के समस्त हड्डी रोग का इलाज,
सुविधाएं: मॉडुलर ऑपरेशन थियेटर, सर्जिकल आई.सी.यू., आई.सी.यू., मेल- फीमेल वार्ड, वातानुकूलित प्राइवेट एवं सेमी प्राइवेट रुम आदि.
15 किलोमीटर तक एम्बुलेंस सुविधा मुफ्त भर्ती मरीज हेतु
सी.एस.ई.बी. कर्मचारियों व अन्य इंश्योरेंस कंपनियों से कैशलेस सुविधा
सोनोग्राफी, एक्स-रे, सी- आर्म, पैथोलेब, फार्मेसी, ई.सी.जी. ई. ई.जी. इस्पाइरोमेट्री एम्बुलेंस सुविधाएँ.
पता:- पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौंदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी 7999640661

## खबर संक्षेप

### ओबीसी महासभा ने तीन सूत्रीय मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन



**बिर्रा।** ओबीसी महासभा छत्तीसगढ़ के प्रदेश अध्यक्ष के आवाहन पर जिला इकाई सक्ती के तत्वाधान में शुक्रवार 11 अप्रैल को तीन सूत्री मांगों को लेकर राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री के नाम से तहसीलदार जैजैपुर को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में विगत 32 वर्षों से लंबित 27 प्रतिशत ओबीसी आरक्षण छत्तीसगढ़ में लागू किए जाने के संबंध में, भिलाई निवासी मासूम बच्ची मेहक यादव के गुनहगारों को निष्पक्ष जांच कर कड़ी से कड़ी सजा दी जाए एवं महान समाज सुधारक एवं शिक्षा के अग्रदूत महात्मा ज्योतिबा राव फुले की जयंती के अवसर पर सार्वजनिक अवकाश घोषित जाना शामिल है।

### ग्राम भिलाई में अखंड नवधा रामायण आज से

**बलौदा।** बलौदा ब्लाक के ग्राम पंचायत भिलाई में रविवार 13 अप्रैल से 22 अप्रैल तक अखण्ड नवान्हिक रामायण का आयोजन किया गया है। अखंड नवधा रामायण का शुभारंभ रविवार 13 अप्रैल को भव्य कलशयात्रा के साथ होगा। समापन मंगलवार 22 अप्रैल को हवन, सहस्त्रधारा एवं ब्राम्हण भोज के साथ होगा है। नवधा रामायण में ब्यास पीठ पर पं. आनंद शर्मा विराजमान रहेंगे। आचार्य संतोष पाठक होंगे। नवधा रामायण का संचालन चंद्रभूषण उपाध्याय, कार्यक्रम के अध्यक्ष मिथलेश गोपाल एवं यजमान प्रदीप देवांगन, श्रीमती संतोषी देवांगन होंगे। कार्यक्रम को लेकर समिति के पदाधिकारी तैयारियों में जुटे हुए है।

### वार्ड नंबर-20 में सीसी रोड निर्माण का हुआ भूमि पूजन



**अकलतरा।** नगर के इंदिरा उद्यान के सामने वार्ड क्रमांक 20 यादव मोहल्ला में सीसी रोड का भूमि पूजन नगर पालिका अध्यक्ष दीप्ति सारथी ,उपाध्यक्ष दिवाकर सिंह राणा एवं पार्षद राजकुमार सिंह के द्वारा किया गया। राजकुमार सिंह ने बताया कि यादव मोहल्ले में लंबे समय से सीसी रोड निर्माण की मांग की जा रही थी। शुक्रवार को सीसी रोड निर्माण का भूमि पूजन किया गया। रोड बनने के बाद वार्ड वासियों को सुविधा प्राप्त होगी। इस अवसर पर रोहित सारथी,अंकित सिंह , सिद्धार्थ सिंह , रामकुमार यादव , हरप्रसाद यादव, गोपाला यादव, आदित्य सिंह उपस्थित रहे ।

### गुणवंती बनीं केएसी सक्ती की जिला सचिव



**हसौद।** छत्तीसगढ़ कूड़ो संगठन के सक्ती इकाई की जिला सचिव गुणवंती धनीराम धीरहे बनाई गई है। बोईरडीह निवासी गुणवंती ने एक बार फिर यह साबित कर दिया कि लगन, समर्पण और कड़ी मेहनत से किसी भी मुकाम को हासिल किया जा सकता है। यह उपलब्धि न केवल उनके लिए गौरव का विषय है, बल्कि पूरे क्षेत्र, परिवार और विशेषकर बेटियों के लिए प्रेरणादायक मिसाल भी बन गई है। गुणवंती को संगठन की ओर से कूड़ो ऑफिशियल अवार्ड से भी सम्मानित किया गया है। यह सम्मान उन्हें 5 अप्रैल को दुर्ग में आयोजित कूड़ो स्टेट चैंपियनशिप के दौरान प्रदान किया गया, जहां केएसी संगठन की अध्यक्ष अनुराधा गिरि एवं प्रेसिडेंट एल.आर. राजा कौशल ने उन्हें नियुक्ति पत्र एवं मोमेंटो सौंपा। बचपन से ही कराटे में रुचि रखने वाली गुणवंती इससे पहले कराटे संघ छत्तीसगढ़ की डभरा ब्लॉक प्रभारी के रूप में भी कार्य कर चुकी हैं। अपनी मेहनत, अनुशासन और आत्मविश्वास के बल पर उन्होंने छत्तीसगढ़ कूड़ो संगठन में अपनी विशेष पहचान बनाई है। अपनी इस सफलता का श्रेय गुणवंती ने अपने माता-पिता और गुरुजनों को दिया है। उनका कहना है कि यदि सही मार्गदर्शन और परिवार का सहयोग मिले, तो बेटियाँ किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं हैं। उनकी इस उपलब्धि से लोगों में हर्ष व्याप्त है।

## जन्मोत्सव पर हुई हनुमान जी की आराधना, नहरिया बाबा में महायज्ञ का समापन

# जय हनुमान ज्ञान गुण सागर, जय कपिस....

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

हनुमान जन्मोत्सव के पावन अवसर पर शनिवार 12 अप्रैल को जिला मुख्यालय स्थित नहरिया बाबा मंदिर, दक्षिणमुखी सिद्ध श्री हनुमान मंदिर सहित जिले के सभी मंदिरों में घंटियों के झंकार के बीच हनुमान जी के जयकारों की गूंज रही।

हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर सुबह से ही मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ लगनी प्रारंभ हो गई थी। इस अवसर के लिए सभी मंदिरों में रंग-रोगन सहित सारी व्यवस्थाएं पहले से पूरी की जा चुकी थी। प्रातःकालीन आरती के बाद भगवान श्री राम के अनन्य भक्त हनुमान जी की प्रतिमा पर बंदन लगाने का सिलसिला प्रारंभ हो गया। साथ ही मंदिरों में हनुमान चालीसा, सुंदरकाण्ड पाठ, रामचरित मानस का पाठ श्रद्धालुओं द्वारा किया गया। सभी मंदिरों में भंडारे का भी आयोजन किया गया। नैला स्थित नहरिया बाबा हनुमान मंदिर में सेवा समिति द्वारा पिछले 9 दिनों से आयोजित किए जा रहे श्रीरामचरित मानस महायज्ञ का समापन किया गया। महायज्ञ के दौरान मानस की प्रत्येक चौपाई पर श्रद्धालुओं द्वारा आहुतियां दी गई। समापन अवसर पर आहुति देने सुबह से ही भक्तों की भीड़ यज्ञ स्थल पर उमड़ पड़ी थी। मंदिर परिसर में हवन उपरांत सहस्त्रधारा व भंडारा का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इसी तरह रेस्ट हाउस के सामने स्थित दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर में भी सुबह से ही बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचकर पूजा-अर्चना की। मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं द्वारा मंगल कलश दीप प्रज्जवलित कराया गया। इसी प्रकार तुलसी भवन के सामने स्थित श्री दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर में जन्मोत्सव के अवसर पर हनुमान चालीसा, सुंदर काण्ड का पाठ श्रद्धालुओं द्वारा किया गया। मंदिर में विधि-विधान से पूजा अर्चना उपरांत सिंदूर से अभिषेक किया गया। इस दौरान हनुमान जी को आकर्षक वस्त्रों से सजाकर मनमोहक श्रृंगार किया गया। मंदिर में आरती उपरांत भंडारे का आयोजन किया गया। इस अवसर पर हनुमान जी के दर्शन व पूजा अर्चना के लिए सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही।



नहरिया बाबा मंदिर में दर्शन के लिए लगी श्रद्धालुओं की कतार।

### दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर में हुई पूजा-अर्चना



**नैला-जांजगीर।** जिला मुख्यालय के समीपस्थ ग्राम कुलीपोटा स्थित सिद्ध दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर (श्रीराम धाम) में शनिवार 12 अप्रैल को हनुमान जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर यहां विशेष पूजा अर्चना हुई। हनुमान जी का दर्शन करने सुबह से देर रात तक बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। इस दौरान कीर्तन मंडली द्वारा वाद्य यंत्रों के साथ मनमोहक प्रस्तुति दी गई।



मंदिर में प्रसाद ग्रहण करते लोग।

### आदर्श ग्राम गोधना में प्राण प्रतिष्ठा

**गोधना।** आदर्श ग्राम गोधना में हनुमान जयंती के अवसर पर भव्य धार्मिक आयोजन संपन्न हुआ। इस अवसर पर ग्रामवासियों ने मिलकर हनुमान जी की प्राण प्रतिष्ठा कराई। इसके बाद विशाल शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लिया। प्राण प्रतिष्ठा के उपरांत श्रद्धालुओं के लिए खीर, पूड़ी, हलवा और फल का प्रसाद वितरित किया गया। गांव के विभिन्न स्थानों पर भंडारे लगाए गए, जहां राहगीरों और भक्तों को प्रसाद और शरबत प्रदान किया गया। इस आयोजन में गांव की माताओं और बहनों ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और कलश यात्रा के माध्यम से सभी देवी-देवताओं को आमंत्रित किया गया। इस प्रकार, आदर्श ग्राम गोधना में हनुमान जयंती का यह आयोजन न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक बना, बल्कि सामाजिक समरसता और एकता का भी संदेश दिया।



## सुशासन तिहार, चार दिनों में मिले 289 आवेदन

**बिर्रा।** छत्तीसगढ़ शासन द्वारा चलाएं जा रहे सुशासन तिहार शिविर में बम्हनीडीह ब्लॉक के ग्राम पंचायत सिलादेही में अधिकारी जनता की समस्याओं को समाधान पेटी में डाला जा रहा है, जिसका निराकरण एक निश्चित समय अवधि में शासन द्वारा किया जाएगा।

ग्रामीणों ने अपनी समस्याओं एवं शिकायतों से संबंधित आवेदन दिया। इस अभियान का उद्देश्य आम नागरिकों को सरकारी योजनाओं की जानकारी देना और उन्हे लाभान्वित करना है। चार दिनों में कुल 289 ग्रामीणों ने आवेदन दिया है। शासन कि एक बहुत अच्छी पहल हैं जिससे उन गरीब परिवारों को फायदा होगा जो अपनी समस्याओ कों शासन प्रशासन तक पहुंचाने में असमर्थ हो जाते हैं और थक हार कर हार मान लेते हैं। कार्यक्रम के पीठासीन अधिकारी शिक्षक मुंकुदराम कश्यप, रोजगार सहायक भुनेश्वरी साहू, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता शांता साहू, उतरा वैष्णव, पूर्णिमा जायसवाल, अनिता साहू के द्वारा जिम्मेदारी पूर्वक अपनी भूमिका निभाई। ग्रामीणों ने ज्यादातर प्रधानमंत्री आवास योजना, चिटफंड कंपनी, शौचालय निर्माण, नलजल योजना, सोलर पैनल, स्ट्रीट लाइट, सहित विभिन्न मांग रखे है।



### अस्थि, न्यूरो एवं मधुमेह रोग जांच शिविर का आयोजन आज

**बिर्रा।** छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ द्वारा प्रथम हॉस्पिटल के सहयोग से आयोजित निःशुल्क अस्थि, न्यूरो एवं मधुमेह रोग जांच शिविर का आयोजन का आचार्य चाणक्य सभागार बिर्रा में 13 अप्रैल रविवार को यिा जाएगा। शिविर में डॉ. रजनीश पाण्डेय मस्तिष्क संबंधी रोध लकवा, मिर्गी, झटके, सिर के चौट संबंधी परामर्श,डॉ. एस. के.धर, मधुमेह एवं हृदय रोग सलाहकार,डॉ. लक्ष्मीनारायण मिश्रा, सामान्य रोग,डॉ. वैभव कौशिक अस्थि रोग विशेषज्ञ,डॉ. अम्बिकेश पाण्डेय (सामान्य रोग विशेषज्ञ ) उपस्थित रहेंगे।

## हनुमान जन्मोत्सव पर तुलसी में सुंदरकांड पाठ

**जांजगीर-चांपा।** नवागढ़ ब्लाक के ग्राम तुलसी में हनुमान जयंती पर मंगलवारीय मानस मंडली (जगदंबा ) द्वारा सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया।

गौरतलब है कि नवागढ़ ब्लॉक के ग्राम तुलसी में प्रथम सरपंच मानस मर्मज्ञ कीर्ति शेष पंडित सुशील शुक्ला की स्मृति में मगलवारीय मानस मंडली द्वारा विगत 8 वर्षो से प्रत्येक मंगलवार को रामचरितमानस का गायन एवं प्रवचन किया जाता है। इसी कड़ी में 12 अप्रैल को हनुमान जयंती के अवसर पर ग्राम के माता चौरा में सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। इस दौरान मंडली के देवराज कश्यप, लखन साहू, छहुरा यादव, श्यामलाल कश्यप, छेदी निर्मलकर, उमेंद्र राम केवट और माखन साहू सहित पूरी टीम द्वारा मानस की चौपाइयों का गायन और प्रवचन बड़े सुंदर ढंग से किया गया। इस अवसर पर ग्राम वासी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे, कार्यक्रम देर रात तक चला।अंत में हनुमान जी की आरती के पश्चात सभी को प्रसाद वितरण किया गया।



सुंदरकांड का पाठ करते मानस मंडली।

## युवक को निर्वस्त्र करके बेरहमी से पिटाई, छह आरोपी जेल दाखिल

**जांजगीर-मालखरौदा।** मालखरौदा थाना क्षेत्र के ग्राम बड़े रबेली में एक युवक को निर्वस्त्र करके बेरहमी से पीटने और गांव में घुमाकर अपमानित करने के मामले में पुलिस ने आधा दर्जन आरोपियों को गिरफ्तार किया था। सभी को दूसरे दिन जेल दाखिल कर दिया गया। मामले में एक आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हो पाई है।

इस संबंध में पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मालखरौदा थाना क्षेत्र के ग्राम बड़े रबेली में बेसिन के युवक राहुल अंचल को बेरहमी से पीटने और उसे निर्वस्त्र करके घूमने का वीडियो वायरल हुआ था। इस मामले में पुलिस ने जानकारी ली तो उक्त वीडियो को 8 अप्रैल की रात्रि का होना पाया गया और पीड़ित युवक की पहचान बासीन निवासी राहुल अंचल के रुप में हुई।

पुलिस ने बताया कि पीड़ित युवक 8 अप्रैल की रात्रि करीब 11-12 बजे किसी काम से बड़े रबेली गया हुआ था, जहां आधा दर्जन से अधिक आरोपियों ने बांध करके उसकी बेरहमी से पिटाई कर दी। इतना ही नहीं रातभर बंधक बनाने के साथ उसे निर्वस्त्र करके अपमानित किया। पीड़ित युवक को उपचार के लिए अस्पताल दाखिल कराया गया है। इधर इस मामले में पुलिस में अपराध कायम किया और जांच पड़ताल शुरू की। इस दौरान मालखरौदा थाना अंतर्गत बड़े रबेली निवासी आरोपी सूर्या चंद्रा, बलवंत चंद्रा, गोविंद चंद्रा, हेमप्रकाश चौहान, चक्रधर चंद्रा, मणि चंद्रा को अपराध क्रमांक 76/2025 धारा 109 (2), 296, 351 (2), 115 (2), 126 (2), 127 (2), 191 (2), बीएनएस , धारा 3 (1), (ई) (आर) (एस), एससीएसटी एक्ट के तहत गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी के बाद शनिवार 12 अप्रैल को सभी को न्यायालय में प्रस्तुत किया गया जहां से उन्हें जेल भेजा गया है। सक्ती पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा ने बताया कि मामले में एक बुजुर्गआरोपी की गिरफ्तारी नहीं हो पाई है। उसे भी कल गिरफ्तार कर लेंगे।



गिरफ्तार आरोपी।

## हसौद में एक ही दिन एक साथ 80 घरों में गृहे-गृहे गायत्री यज्ञ

हरिभूमि न्यूज ⏭ हसौद

108 कुंडीय गायत्री महायज्ञ के द्वितीय वर्षगांठ के अवसर पर 10 अप्रैल को 80 घरों में गृहे गृहे गायत्री यज्ञ संपन्न हुई।

पिछले वर्ष 2023 में 18 से 22 अप्रैल तक 108 कुंडीय गायत्री महायज्ञ के प्रथम वर्षगांठ के अवसर पर 135 घरों में गृहे गृहे गायत्री यज्ञ संपन्न हुआ था। द्वितीय वर्षगांठ पर 108 घरों के लक्ष्य को लेकर गायत्री परिवार के परिजनों द्वारा घर-घर में यज्ञ करने के लिए आग्रह किया गया। इस आग्रह को ग्राम के सभी लोगों ने सराहा और सहर्ष यज्ञ के लिए तैयार हुए। इस तरह द्वितीय वर्षगांठ पर 80 घरों में यज्ञ संपन्न हुआ हालांकि 120 घरों में यज्ञ करने की तैयारी थी। इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए कोरबा जिला ,जांजगीर चांपा जिला, सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिला शक्ति जिला ,एवं रायगढ़ जिला से यज्ञाचारियों की टोलिया यज्ञ संपन्न करने के लिए आए यज्ञाचार्य की संख्या लगभग 170 के आसपास रहे। इस कार्यक्रम में प्रमुख उपस्थित गायत्री परिवार के अड़भार से वरिष्ठ एवं सम्मानिय परिजन समे लाल बरेठ एवं अड़भार से ही श्री साहू, बी एम डनसेना, सारंगढ़ से जिला समन्वय गौरा प्रसाद साहू, डभरा से ब्लॉक समन्वयक एवं चेतना केंद्र चंद्रपुर से भोग सिंह सिदार, मालखरौदा से ब्लॉक समन्वयक कृष्ण कुमार जायसवाल पिहरिद से गिरधर प्रसाद साहू रामचरण सिदार जी सारंगढ़ के ब्लॉक समन्वयक गौतम पटेल युवा प्रकोष्ठ जांजगीर-चंपा के जिला समन्वयक सुशील कश्यप एवं विनोद कश्यप जीएवं ओडेकेरा से वरिष्ठ परिजन देवराम द्विवेदी जी की विशेष उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम में विशेष सहयोगी के रूप में गौरी शंकर शाह, मनहरण लाल साहू, गिरीश देवांगन, जितेंद्र साहू, मोहनलाल कश्यप, लहारू आदित्य, भाग राम जयसवाल, नंदकुमार भारद्वाज, ललित साहू, प्रभु साहू, नमिता सोनी, विमला साहू, तेजराम साहू, बपालेश्वर साहू, भगत राम साहू, डॉक्टर कैलाश साहू, अशोक आदित्य, तेज बहादुर, लखन कर्ष, पंडित राम साहू का विशेष योगदान रहा।

■ यज्ञ को संपन्न कराने में विभिन्न जिले के यज्ञाचारियों की टोलिया ने निभाई सहभागिता



यज्ञ के दौरान हवन करते श्रद्धालु।

## स्काउट्स एवं गाइड्स ने भी शुरू किया प्याऊ घर

**बेल्हाडीह-लवसरा।** भारत स्काउट एवं गाइड्स दलों के द्वारा शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक विद्यालय परिवार बेल्हाडीह के सौजन्य से शैक्षिक समन्वयक संजीव कुमार साहू के आतिथ्य में पियाऊ घर के संचालन का शुभारंभ जनसहयोग के माध्यम से स्थानीय स्तर पर किया गया ताकि विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चों एवं ग्रामीणों में सेवा भाव का बीजारोपण किया जा सके। भारत स्काउट एवं गाइड जिला संघ सक्ती के मुख्य जिला आयुक्त अंकित अग्रवाल, डीईओ (पदेन जिला आयुक्त) एन.के. चंद्रा ने इस सेवा कार्य की सराहना की। बीईओ ( पदेन जिला सहायक आयुक्त) नीलिमा बड़गे नें शुभकामना दिया। इस अवसर पर सरदार भगत सिंह दल शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय बेल्हाडीह के ग्रुप लीडर प्रधान पाठक गेंद राम कुर्रे, यूनिट लीडर कार्तिक राम यादव, भारती साहू , संतोष कुमार रात्रे ,सावित्री देवी रात्रे गाइडर, टीकाराम साहू, संतोषी साहू तथा भारत स्काउट्स एवं गाइड्स विकासखंड सक्ती सचिव दुर्गेश कुमार साहू (यूनिट लीडर मिडिल स्कूल परसदाकला) व मिडिल स्कूल बेल्हाडीह एवं परसदा कला के स्काउट्स गाइड्स बच्चे सेवा कार्य में शामिल रहे।












